कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2020/514 भिलाई, दिनांक 27-5-2020

प्रति,

आयुक्त,
नगर पालिक निगम,
रिसाली।

विषय :– छ.ग. नगर पालिक निगम, अधिनियम 1956 की धारा 7 सहपठित धारा 405 के प्रावधानांतर्गत नगर पालिक निगम, भिलाई के कतिपय क्षेत्रों को पृथक कर नगर पालिक निगम, रिसाली का गठन एवं छ.ग. नगर पालिक निगम, अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत् दायित्वों के अंतरण के संबंध में।

संदर्भ :– 1 कार्यालयीन पत्र क्रमांक/एफ–/1/सा.प्र.वि./विविध/2020/3593 भिलाई दिनांक 04.02.2020

2 कार्यालयीन पत्र क्रमांक/एफ–/1/सा.प्र.वि./विविध/2020/377 भिलाई दिनांक 27.04.2020

—00—

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख्य है, कि संदर्भित पत्रानुसार छ.ग. शासन अधिसूचना के द्वारा नगर पालिक निगम, भिलाई जिला दुर्ग की सीमा से पृथक करते हुए नगर पालिक निगम, रिसाली जिला दुर्ग का गठन किया गया है। छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक/एफ 1–168/2019/18 दिनांक 28.12.2019 में उल्लेखित निर्देश कण्डिका 01 से 06 के अनुसरण में अधिसूचना दिनांक से नगर पालिक निगम भिलाई के रिसाली अनुविभाग में कार्यरत् समस्त नियमित, कार्यभारित/आकस्मिक मद एवं दैनिकवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों का दिनांक 04.02.2020 से अन्तरण नगर पालिक निगम, रिसाली में किया गया है तथा अधिकारी/कर्मचारियों का अंतिम वेतन प्रमाण पत्र भी आपकी ओर प्रेषित कर दिया गया है।

अतः उपरोक्त संदर्भित पत्र में अनुसरण में उल्लेखित अधिकारी/कर्मचारियों की व्यक्तिगत नस्ती एवं सेवापुस्तिका में वांछित आवश्यक प्रविष्टियां दिनांक 31.03.2020 तक की पूर्ण कर आपकी ओर मूलतः प्रेषित की जा रही है तथा पत्र के साथ संलग्न सूची में कुल पत्राचार एवं नोटशीट पृष्ठ संख्या की जानकारी अंकित की गई है जिसका परीक्षण कर व्यक्तिगत नस्ती प्राप्त कर पावती भिजवाने का कष्ट करें।

संलग्न :– 89 नग व्यक्तिगत नस्ती
एवं सेवापुस्तिका

(ऋतुराज रघुवंशी)
आई.ए.एस
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

क्रमशः.........

पृ.क्रमांक / एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/2020/515 भिलाई, दिनांक 27-5-2020

प्रतिलिपि :–

1. प्रशासक, नगर पालिक निगम, रिसाली को सूचनार्थ।
2. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग को सूचनार्थ।
4. उपायुक्त 1/2 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. अधीक्षक स्थापना, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रभारी सहायक अधीक्षक भविष्य निधि नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को निगम की वेबसाईट में अपलोड हेतु।
9. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त

नगर पालिक निगम

भिलाई